
प्रेस नोट

# किसानों को मिला खरीफ 2015 का बीमा

## राष्ट्रीय कृषि बीमा योजनांतर्गत 149 करोड़ रूपये किसानों के खातों में होंगे जमा

**विदिशा 24.11.2016**



राष्ट्रीय कृषि बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2015 मौसम की क्षति पूर्ति राशि (बीमा क्लेम) राशि रूपये 1,49,27,34,684 (रूपये एक सौ उन्नचास करोड़ सत्ताईस लाख, चौतीस हजार, छः सौ चौरासी) का भुगतान जिले के 64104 किसानों हेतु एग्रीकल्चर इंश्यारेंस कंपनी भोपाल द्वारा जिला सहकारी बैंक को कर दिया गया है। उक्त संबंध में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित विदिशा के अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर शर्मा ने जानकारी दी की बैंक को प्राप्त बीमा क्लेम की राशि जिला राशि जिला सहकारी बैंक से संबद्ध किसानों के खातों में जमा करने की कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है बैंक द्वारा प्राप्त क्षतिपूर्ति राशि का शाखावार विभाजन कर संबद्ध प्रभावित समितियों के सदस्यों के खातों में समायोजन हेतु प्रेषित कर दी गयी है एवं उक्त बीमा क्लेम की राशि किसान भाईयों के खाते में दिनांक 28.11.2016 तक जमा करा दी जायेगी।

श्री शर्मा ने बताया कि, निम्नानुसार जिले की तहसीलवार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के 64104 सदस्यों को बीमा क्लेम की 1,49,27,34,684) राशि दी गयी है :–

| क्र | तहसील का नाम | तहसील के लाभांवित कृषकों की संख्या | तहसीलवार प्राप्त बीमा राशि | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विदिशा | 14878 | 4126,95,286.67 | इकतालीस करोड़ छब्बीस लाख पिन्च्यानवे हजार दो सौ छियासी रूपये पैंसठ पैसे |
| 2 | गुलाबगंज | 5329 | 1354,72,142.61 | तेरह करोड़ चौअन लाख बहात्तर हजार एक सौ बयालीस रूपये अट्ठावन पैसे |
| 3 | ग्यारसपुर | 5477 | 1039,58,621.28 | दस करोड़ उनचालीस लाख अट्ठावन हजार छः सौ इक्कीस रूपये अट्ठाईस पैसे |
| 4 | बासौदा | 5981 | 654,30,081.94 | छः करोड़ चौबन लाख, तीस हजार, इक्यासी रूपये चौरानवे पैसे |
| 5 | त्योंदा | 3141 | 593,65,133.90 | पांच करोड़ तेरानवे लाख पैंसठ हजार एक सौ तैंतीस रूपये नब्बे पैसे |
| 6 | कुरवाई | 7442 | 1616,01,599.52 | सौलह करोड़, सौलह लाख एक हजार पांच सौ निन्यानवे रूपये बाबन पैसे |
| 7 | सिरोंज | 7321 | 1615,62,531.66 | सौलह करोड़ पंद्रह लाख बासठ हजार पांच सौ इकतीस रूपये छियासठ पैसे |
| 8 | लटेरी | 4964 | 1408,48,669.05 | चौदह करोड़ आठ लाख अड़तालीस हजार छः सौ उनहत्तर रूपये पांच पैसे |
| 9 | शमशाबाद | 2747 | 735,76,651.75 | सात करोड़ पैंतीस लाख छियत्तर हजार छः सौ इक्यावन रूपये पिचहत्तर पैसे |
| 10 | नटेरन | 4920 | 1158,66,006.42 | ग्यारह करोड़ अट्ठावन लाख छियासठ हजार छः रूपये बयालीस |

क्र० प० उ०

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | | | | पैसे |
| 11 | पठारी | 1904 | 623,57,959.75 | छः करोड़ तेईस लाख सत्तावन हजार नौ सौ उनसठ रूपये पिचहत्तर पैसे |
| | **योग** | **64104** | **14927,34,684.55** | **एक सौ उन्नचास करोड़ सत्ताईस लाख चौतीस हजार छः सौ चौरासी रूपये तिरेपन पैसे** |

श्री शर्मा ने कहा कि, फसल बीमा क्लेम की राशि प्राप्त होने में शासन स्तर पर तकनीकि कारणों से बिलंब हुआ है पर प्रदेश के संवेदनशील एवं कृषक हितेषी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान की भाजपा सरकार ने जो अब तक घोषणायें की हैं वे शत प्रतिशत पूर्ण हुयी यह इसी का एक उदाहरण है। प्राकृतिक आपदा को टालना मनुष्य के वश में नहीं है फिर भी संकट की घड़ी में जिला सहकारी बैंक हमेशा किसान भाईयों के साथ खड़ा है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में लगातार कार्य किये जा रहे हैं।

प्रति,

प्रतिनिधि / ब्यूरो चीफ

दैनिक ........................

विदिशा